सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

DGR Detective Group Report

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 270 | इंदौर, शुक्रवार 17 अप्रैल, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## मप्र-राजस्थान के 10 शहरों में तापमान 42°C के पार

● छत्तीसगढ़ में हीटवेव, 11 दिन पहले स्कूलों में गर्मी छुट्टी, महाराष्ट्र में 19 अप्रैल तक लू चलेगी



**नई दिल्ली/भोपाल/जयपुर/लखनऊ।** मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और महाराष्ट्र में पिछले दो दिनों से लू चल रही है। भारतीय मौसम विभाग (IMD) ने कहा है कि 20 अप्रैल तक इन राज्यों में गर्मी और उमस से राहत की उम्मीद नहीं है। तापमान 40 से 44C के बीच रह सकता है।

मध्य प्रदेश के 6 और राजस्थान के 4 शहरों में गुरुवार को तापमान 42C के पार दर्ज किया गया। MP में नर्मदापुरम 43C के साथ सबसे गर्म शहर रहा। राजस्थान का बाड़मेर 42.9C के साथ राज्य का सबसे गर्म शहर रहा। राजस्थान में आने वाले दिनों में हालात और गंभीर हो सकते हैं। छत्तीसगढ़ के कई हिस्सों में गुरुवार को तापमान 43C तक पहुंच गया है। भीषण गर्मी और हीटवेव के बीच राज्य सरकार ने स्कूलों की गर्मी की छुट्टियां 11 दिन पहले, 1 मई की जगह 20 अप्रैल से ही घोषित कर दीं। राज्य के सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूल 20 अप्रैल से 15 जून तक बंद रहेंगे।

महाराष्ट्र में अगले कुछ दिनों में गर्मी का असर और तेज होने वाला है। IMD के अनुसार, राज्य के विदर्भ, मध्य और कोंकण क्षेत्र में 19 अप्रैल तक लू चलेगी। इस दौरान लोगों से जरूरी सावधानियां बरतने और गर्मी से बचने की सलाह दी गई है।

### पूर्वोत्तर राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट

मौसम विभाग के अनुसार, पूर्वोत्तर राज्यों असम और मेघालय में भारी बारिश होने की संभावना है। हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर-लद्दाख में आंधी के साथ ओले गिर सकते हैं।

हिमाचल, उत्तराखंड, सिक्किम और पश्चिम बंगाल में 40-50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाओं और बिजली गिरने की आशंका है।

इसके अलावा अरुणाचल प्रदेश, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, कर्नाटक, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा और पंजाब में भी बिजली के साथ आंधी का अलर्ट जारी किया गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिवनी-मालवा में किया विशाल जनसभा को संबोधित

# नर्मदापुरम-टिमरनी स्टेट हाईवे तरक्की का खोलेगा नया मार्ग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सिवनी मालवा, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आज का दिन भारत के लोकतंत्र के इतिहास का बड़ा दिन है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 21वीं शताब्दी के सबसे बड़े निर्णय नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर लोकसभा में चर्चा की शुरुआत हुई है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम बहनों के राजनीतिक और सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। नारी केवल सृष्टि की जननी ही नहीं, बल्कि राष्ट्र की उन्नति की वास्तविक सूत्रधार है। जब हम विकसित भारत की कल्पना करते हैं, तो उसकी नींव में आधी आबादी के सामर्थ्य, संघर्ष और सफलता की कहानियां स्पष्ट दिखाई देती हैं।**

नारी शक्ति वंदन अधिनियम इसी सामर्थ्य को संवैधानिक मान्यता देने और लोकतांत्रिक संस्थाओं में महिलाओं के लिए नेतृत्व के नए द्वार खोलने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। प्रधानमंत्री श्री मोदी देशवासियों के



सामाजिक-आर्थिक उन्नयन के साथ ही इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास पर भी समान रूप से ध्यान दे रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 972 करोड़ से अधिक लागत के 72 किलोमीटर लंबे नर्मदापुरम-टिमरनी स्टेट हाईवे-67 का उन्नयन एवं पुनर्निर्माण कार्य के भूमि-पूजन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को नर्मदापुरम जिले के सिवनी-मालवा में संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में लोक निर्माण मंत्री और नर्मदापुरम के प्रभारी श्री राकेश सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में पहले से ही स्थानीय निकाय और नगरीय निकाय चुनावों में 50 प्रतिशत पद बहनों के लिए आरक्षित हैं। राज्य सरकार बहनों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है, राज्य सरकार जो कहती है, उसे पूरा करती है। प्रदेश की 1.25 करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों को अब तक 55 हजार करोड़ रूपए से अधिक राशि दी जा चुकी है। लाड़ली बहना योजना की शुरुआत से लेकर अब तक प्रति बहन 40 हजार 500 रुपए से अधिक राशि बहनों के बैंक खातों में आई है। बहनें चिंता न करें, योजना की राशि बढ़कर 1500 रुपए करने के साथ आगे भी जो संभव होगा वह किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार सभी वर्गों के कल्याण के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है। प्रदेश में पहली बार शासकीय स्कूलों के बच्चों को 'माता यशोदा योजना' के अंतर्गत निःशुल्क दूध के पैकेट बांटे जाएंगे।

हमारे बच्चे मानसिक और शारीरिक रूप से तंदुरुस्त बनेंगे। प्रदेश में दूध उत्पादन बढ़ाने और गौपालन को प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए 'डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना' की शुरू की है। इससे हमारे भाई-बहनों को आत्मनिर्भर बनाने में मदद मिलेगी। राज्य सरकार ने कठिन समय में सड़क पर घायलों की मदद के लिए राहवीर योजना शुरू की है, जिसमें घायल को अस्पताल पहुंचाने वाले को 25 हजार रुपए की राशि प्रोत्साहन स्वरूप देने की व्यवस्था है। मुश्किल वक्त में गरीब-जरूरतमंदों की मदद के लिए एयर एम्बुलेंस भी संचालित की जा रही हैं।

# मोदी बोले- विपक्ष क्रेडिट ले, ब्लैंक चेक देने को तैयार

प्रियंका का जवाब- महिलाएं बार-बार बहकाने वाले पुरुषों को पहचान लेती हैं

**नई दिल्ली, (एजेंसी) पीएम मोदी ने गुरुवार को महिला आरक्षण बिल से जुड़े संशोधनों पर कहा कि परिसीमन में किसी भी राज्य के साथ भेदभाव नहीं किया जाएगा। यह मोदी की गारंटी है और वादा है। विपक्ष इसका क्रेडिट ले सकता है।**



यहां कुछ लोगों को लगता है, इसमें कहीं न कहीं मोदी का राजनीतिक स्वार्थ है। इसका अगर विरोध करेंगे तो स्वाभाविक है कि राजनीतिक लाभ मुझे होगा। अगर साथ चलेंगे तो किसी को भी नहीं होगा। फिर अलग पहलू हो जाता है। हमें क्रेडिट नहीं चाहिए जैसे ही पारित हो जाए तो मैं एड देकर सबको धन्यवाद देने तैयार हूं। सबकी फोटो छपवा दूंगा। ले लो जी क्रेडिट। सामने से क्रेडिट का ब्लैंक चेक आपको दे रहा हूं। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि एक नैरेटिव गढ़ा जा रहा है कि 3 बिलों से साउथ के राज्यों की लोकसभा सीटें कम हो जाएंगी। उन्होंने कहा, 'लोकसभा की कुल 543 सीटों में दक्षिण राज्यों की 129 सीटें हैं। परिसीमन के बाद यह बढ़कर 195 हो जाएंगी। तमिलनाडु की सीटें 39 से बढ़कर 59 होंगी।' प्रियंका गांधी ने कहा, 'वे (पीएम) कह रहे हैं कि उन्हें इसका श्रेय नहीं चाहिए। मैं कहती हूं कि बार-बार बहकाने वाले पुरुषों को महिलाएं पहचान लेती है। सावधान हो जाइए नहीं तो पकड़े जाएंगे।'

### अखिलेश ने हाथ जोड़ लिए

केंद्र सरकार ने गुरुवार को संसद के विशेष सत्र में महिला आरक्षण बिल से जुड़े संशोधन बिल पेश किए। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी स्पीच के दौरान समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव को अपना दोस्त कहा। इस पर अखिलेश ने हंसते हुए हाथ जोड़ लिए। प्रियंका गांधी ने शाह को देखते हुए कहा- अगर चाणक्य जिंदा होते तो आपको देखकर चौंक जाते। शाह मुस्कुराने लगे।

### कलेक्टर शिवम वर्मा ने स्वयं भरा ऑनलाइन स्व-गणना फार्म

# नागरिकों से जनगणना के कार्य में सहयोग की अपील की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। गुरुवार से शुरू हुई जनगणना सेल्फ इन्यूमरेशन प्रक्रिया के तहत कलेक्टर शिवम वर्मा ने स्वयं ऑनलाइन स्व-गणना फॉर्म भरकर नागरिकों को प्रेरित किया। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि जनगणना देश की विकास योजनाओं की आधारशिला है, इसलिए प्रत्येक नागरिक को इसमें सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। उन्होंने इंदौरवासियों से अपील की कि वे जनगणना पोर्टल पर जाकर स्वयं अपनी जानकारी दर्ज करें और इस प्रक्रिया को सरल व पारदर्शी बनाने में सहयोग दें। श्री वर्मा ने बताया कि सेल्फ इन्यूमरेशन से समय की बचत होगी और जब टीम घर-घर पहुंचेगी, तब प्रक्रिया और भी आसान हो जाएगी।

कलेक्टर शिवम वर्मा ने नागरिकों से आग्रह किया कि वे https://se.census.gov.in पर जाकर अपनी जानकारी दर्ज करें। नागरिकों के लिये पोर्टल पर स्व-गणना का कार्य 16 अप्रैल से प्रारंभ किया गया है जो 30 अप्रैल तक उपलब्ध रहेगा। स्व-गणना की पूरी प्रक्रिया सुरक्षित है और इसे हिंदी, अंग्रेजी सहित 14 क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध कराया गया है, ताकि हर वर्ग के लोग आसानी से इसका उपयोग कर सकें। इसमें 5 से 10 मिनट में स्व-गणना की पूरी प्रक्रिया पूर्ण हो जाती है। कलेक्टर श्री वर्मा ने नागरिकों से अपील की है कि इस सुविधा का अधिकतम लाभ उठायें और जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय दें।



# सिटी बस पास 400 रुपए महंगा, छात्र भड़के




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। सिटी बस पास का दाम 400 रुपए बढ़ने से छात्र नाराज है। इसके विराध में छात्र नगर निगम मुख्यालय पहुंचे और विरोध जताते हुए प्रदर्शन किया। सिटी बस पास का दाम करने के लिए उन्होंने ज्ञापन भी दिया। छात्रों के हाथों में तख्तियां थी, जिस पर लिखा था छात्रों को ATM मशीन समझना बंद करो, छात्रों के साथ अन्याय के खिलाफ एकजुट हो।

प्रदर्शन करने वालों का कहना था कि जो छात्र अपने सपनों को पूरा करने के लिए यहां आए हैं, वे एक टाइम भूखा रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। प्रशासन ने एक बार भी नहीं सोचा कि सिटी बस के पास का दाम बढ़ाने से इन छात्रों का क्या होगा। मूसाखेड़ी से जीडीसी कॉलेज छात्राएं जाती है, दोनों तरफ का किराए 50 रुपए रोज का लगता है, क्या ये छात्राएं इतना किराया रोज का दे सकती है। नगर निगम इतना टैक्स ले रहा है, उसमें क्या छात्रों का बस पास माफ नहीं किया जा सकता है। जयस छात्र संगठन के जिला अध्यक्ष पवन अहिरवार ने बताया कि महापौर बस पास योजना को खत्म कर दिया है। स्टूडेंटस पास जो 200 रुपए का था, उसे 600 रुपए कर दिया गया है। निगम अधिकारियों के लिए महापौर के लिए ये 600 रुपए आम राशि होगी, लेकिन इंदौर में जो गरीब व मध्यमवर्ग का छात्र यहां रहकर पढ़ाई कर रहा है। 600 रुपए किसी छात्र के माता-पिता की तीन दिन की दिहाड़ी-मजदूरी हो सकती है। इसलिए जो पास में वृद्धि की है, उसे कम करने की मांग लेकर नगर निगम आए। वीरेंद्र उपाध्याय, प्रभारी कंट्रोल रूम ने बताया कि छात्रों का कहना था कि सिटी बसों के जो पास बनते है उसमें 400 रुपए की वृद्धि की गई है। इस संबंध में छात्रों ने ज्ञापन दिया है। ये ज्ञापन नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल और महापौर पुष्यमित्र भार्गव तक पहुंचा दिया जाएगा। वहीं चौराहे को लेकर जो शिकायत की है, उसका निराकरण करा दिया जाएगा।

## मंदिर में भक्तों के बैठने के लिए कुर्सियों का वितरण



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। राऊ विधानसभा के मंदिरों में आने वाले भक्तों को बैठने के लिए कुर्सियों का वितरण किसान पुत्र अभिषेक जाट ने किया। साथ ही मंदिर निर्माण में सहयोग करते हुए निर्माण सामग्री भी दी गई। वार्ड 75, मुंडला की कॉलोनी शिखरजी में भगवान भोलेनाथ एवं हनुमान जी के मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बैठने हेतु कुर्सियों (बेंच) का वितरण अभिषेक जाट ने किया। यहां सीमेंट की कुर्सियां लगवाई। अभिषेक जाट का कहना है कि इस छोटे से प्रयास से मंदिर आने वाले बुजुर्गों, माताओं-बहनों और बच्चों को आराम मिलेगा, यही हमारे लिए सबसे बड़ी खुशी है।

# इंदौर में वायु गुणवत्ता एवं जलवायु परिवर्तन पर स्वास्थ्य विशेषज्ञों का चिंतन सम्मेलन आयोजित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। शहर में लंग केयर फाउंडेशन द्वारा "एयर क्वालिटी एंड क्लाइमेट चेंज कॉन्क्लेव" का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य वायु प्रदूषण के बढ़ते स्तर, उसके स्वास्थ्य पर प्रभाव एवं आमजन में जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत एवं अभिनंदन से हुई, जिसमें संगीता पाठक ने अतिथियों का स्वागत किया। इसके पश्चात डॉ. सलील भार्गव ने वायु गुणवत्ता एवं जलवायु परिवर्तन के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों को विस्तार से समझाया। डॉ. रवि दोसी ने शहर में वायु प्रदूषण से जुड़ी चुनौतियों पर अपने विचार साझा किए। डॉ. माधव हसानी ने "एयर पॉल्यूशन एंड पब्लिक हेल्थ" विषय पर शासन की रणनीतियों एवं चुनौतियों पर प्रकाश डाला। वहीं डॉ. रुपेश मोदी ने "एयर पॉल्यूशन ऐज़ पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी एवं आईएमए और डॉक्टरों की भूमिका" विषय पर




अपने महत्वपूर्ण विचार रखे। कार्यक्रम के दौरान वायु प्रदूषण से बचाव, स्वच्छ पर्यावरण के महत्व एवं नागरिकों की भूमिका पर विशेष जोर दिया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि जागरूकता, व्यवहार परिवर्तन और सामूहिक प्रयासों से ही प्रदूषण की समस्या को नियंत्रित किया जा सकता है। इसी दौरान एक जागरूकता वीडियो एवं जागरूकता पोस्टर का अनावरण भी किया गया, जिन्हें चिकित्सकों के क्लिनिक पर लगाया जाएगा, ताकि आमजन में वायु प्रदूषण के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके। पैनल चर्चा में डॉ. रुपेश मोदी, डॉ. राजकुमार सिसोदिया, डॉ. दिलीप चावड़ा, डॉ. शैलेश अग्रवाल एवं डॉ. त्रिपाठी ने भाग लिया, जिसे लंग केयर फाउंडेशन के फाउंडर एवं ट्रस्टी डॉ. राजीव खुराना ने मॉडरेट किया। सभी वक्ताओं ने स्वच्छ वायु के लिए विभिन्न हितधारकों के समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, इंडियन चेस्ट सोसायटी, जीपीए एवं एनआईएमए के चिकित्सकों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। अंत में डॉ. कार्मिन उप्पल, डिप्टी डायरेक्टर, लंग केयर फाउंडेशन ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

# इंदौर में बदला स्कूलों का समय, अब सुबह 7 से दोपहर 12 बजे तक लगेंगी कक्षाएं

**इंदौर। इंदौर जिले में बढ़ती गर्मी को देखते हुए प्रशासन ने बड़ा फैसला लिया है। दिन का तापमान करीब 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने के कारण छात्रों के स्वास्थ्य पर असर पड़ने की आशंका जताई गई है। इसी को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर शिवम वर्मा ने स्कूलों के समय में बदलाव का आदेश जारी किया है। अब जिले के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में नर्सरी से लेकर कक्षा 8 तक की कक्षाएं सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक संचालित होंगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।**

**आंगनवाड़ी केंद्रों का समय भी बदला –** परीक्षाएं पहले से तय समय के अनुसार ही आयोजित की जाएंगी। आईएमडी ने मध्य प्रदेश के कई जिलों के लिए हीट वेव का अलर्ट जारी किया है। भोपाल केंद्र द्वारा जारी अलर्ट में 16 जिलों को शामिल किया गया है। यह इस सीजन का पहला बड़ा हीट वेव अलर्ट है। इसमें अगले चार दिनों तक गर्म हवाएं चलने की संभावना है। स्कूलों के साथ-साथ आंगनवाड़ी केंद्रों के समय में भी बदलाव किया गया है। अब इंदौर के सभी आंगनवाड़ी केंद्र सुबह 8:30 बजे से 11:30 बजे तक संचालित होंगे। यह व्यवस्था खास तौर पर छोटे बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर की गई है।



**इन जिलों में ज्यादा असर की संभावना–** आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं का प्रशासनिक कार्य पहले की तरह जारी रहेगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस समय बहुत तेज धूप पड़ रही है। ऐसे में बच्चों को तेज धूप से बचाना पहली प्राथमिकता है। इसलिए समय में यह बदलाव किया गया है। प्रशासन ने अभिभावकों से भी इसमें सहयोग करने की अपील की है। जिन जिलों में हीट वेव का असर ज्यादा रहने की संभावना है, उनमें रतलाम, झाबुआ, धार और अलीराजपुर प्रमुख रूप से शामिल हैं। इसके अलावा बड़वानी, खरगोन, बुरहानपुर, खंडवा और हरदा भी प्रभावित हो सकते हैं।

### 10 अप्रैल के बाद से बढ़ रहा तापमान

इसके अलावा आईएमडी ने नर्मदापुरम, बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला और बालाघाट में भी गर्म हवाएं चलने का अनुमान है। इनमें से कुछ जिलों में पहले से ही गर्मी जैसे हालात देखे जा रहे हैं। छिंदवाड़ा, पांढुर्णा और मंडला में पहले ही तापमान में तेजी आई थी। मौसम विभाग का कहना है कि अप्रैल के दूसरे पखवाड़े में इस तरह की गर्मी सामान्य होती है। 10 अप्रैल के बाद से तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है। ऐसे में स्कूल जाने वाले बच्चों की विशेष देखभाल की जरूरत है।

# इंदौर में विधानसभा के साथ लोकसभा की सीट भी बढ़ेगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव नए परिदृश्य में होंगे। इसके लिए मोदी सरकार तीन दिवसीय संसद का विशेष सत्र का आयोजन कर रही है। इसमें लोकसभा के साथ विधानसभा की सीटें बढ़ाने की तैयारी और नए परिसीमन की मंजूरी के साथ महिला आरक्षण को भी मंजूरी मिलने की संभावना है।**



इंदौर लोकसभा क्षेत्र में वर्तमान में नौ विधानसभा स्थान हैं। इसमें महू विधानसभा सीट को धार लोकसभा में 2008 में सम्मिलित कर दिया है। अब नए परिसीमन में इंदौर में दो लोकसभा स्थान के होने की संभावना है। वहीं विधानसभा क्रमांक एक, दो और 5 तथा देपालपुर में मतदाताओं की संख्या सर्वाधिक है। इस वजह से इन विधानसभा सीटों को भी भौगोलिक आधार पर विभाजित कर इंदौर में विधानसभा की एक दर्जन सीटें होने की संभावना है। लोकसभा में मालवा-निमाड़ में 8 सीट है जो भी परिसीमन में बढ़ेगी। इसी तरह प्रदेश में विधानसभा में वर्तमान में 230 सीटों से 280 स्थान नए परिसीमन में होने की संभावना है, जबकि इस परिसीमन में मालवा और निमाड़ का दबदबा कायम रहेगा। अभी वर्तमान में मालवा और निमाड़ में 66 विधानसभा की सीटें हैं। नए परिसीमन में यह संख्या निश्चय ही बढ़ेगी, जो प्रदेश के अन्य अंचल के मुकाबले सर्वाधिक सीटें होंगी। साथ ही प्रदेश में इंदौर नगर सर्वाधिक विधानसभा सीटों वाला जिला भी हो सकता है। यहां पर एक दर्जन विधानसभा सीटें होने की संभावना है। इंदौर में 12 सीट विधानसभा की और लोकसभा की दो सीटें हो सकती हैं, वहीं महिला आरक्षण की वजह से इंदौर नगर का राजनीतिक परिदृश्य कुछ अलग ही होगा।

### इंदौर की सीटों का इतिहास

1951 में इंदौर मध्य भारत में था, तब विधानसभा की 6 सीटें थीं। जिसमें देपालपुर की दो सीटें थीं, एक सामान्य और एक आरक्षित। इसी तरह 1957 में भी विधानसभा की 6 सीटें रहीं, 1962 से 72 तक विधानसभा की 7 सीटें हो गईं। सांवेर नए स्थान के रूप में सम्मिलित किया गया। 1977 से 2003 तक इंदौर में 8 सीटें रही। उसमें एक सीट इंदौर नगर में वृद्धि की गई थी। 2008 में इंदौर जिले में नौ विधानसभा सीट हो गईं, जिसमें राऊ नई विधानसभा सीट बनाई गई और लोकसभा में महू को धार में शामिल कर दिया गया। इस तरह इंदौर में वर्तमान में नौ विधानसभा सीटें तथा लोकसभा की एक सीट है। जहां तक लोकसभा का सवाल है, 1951 से वर्तमान तक इंदौर में लोकसभा की एक ही सीट है। अब यह भी दो सीट नए परिसीमन में हो सकती है।

### इंदौर विधान सभा सीटों की स्थिति

| चुनाव वर्ष | विधानसभा सीट | चुनाव वर्ष | विधानसभा सीट |
|---|---|---|---|
| 1951 | 6 | 1990 | 8 |
| 1957 | 6 | 1993 | 8 |
| 1962 | 7 | 1998 | 8 |
| 1967 | 7 | 2003 | 8 |
| 1972 | 7 | 2008 | 9 |
| 1977 | 8 | 2013 | 9 |
| 1980 | 8 | 2018 | 9 |
| 1985 | 8 | 2023 | 9 |

माता-पिता का आरोप- पति के अफेयर से परेशान थी

# महिला डॉक्टर ने जहर खाकर दी जान

### विवाहिता-छात्रा ने लगाई फांसी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। अलग-अलग इलाकों से महिलाओं के आत्महत्या के तीन मामले सामने आए हैं। इनमें एक महिला डॉक्टर, एक विवाहिता और एक छात्रा शामिल हैं। तीनों घटनाओं ने शहर में सनसनी फैला दी है। पुलिस ने सभी मामलों में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।**

खुड़ैल थाना क्षेत्र में 35 वर्षीय डॉ. दामिनी ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। परिजन उन्हें नेमावर रोड स्थित एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। दामिनी देवास जिले के कलवर में सीएचओ पद पर पदस्थ थीं और मूल रूप से कन्नौद की रहने वाली थीं। मायके पक्ष का आरोप है कि पति संदीप के किसी अन्य महिला से संबंध थे, जिसको लेकर अक्सर विवाद होता था। विरोध करने पर पति और सास द्वारा मारपीट भी की जाती थी। दंपिती का एक 9 साल का बेटा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमॉर्टम कराया है। राऊ थाना क्षेत्र के रंगवासा में रहने वाली 30 वर्षीय ममता बाई ने पति से विवाद के बाद फांसी लगा ली थी। घटना 1 अप्रैल की रात की है। ममता का इलाज एमवाय अस्पताल में चल रहा था, लेकिन 15 दिन बाद उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि चांदी की पायल को लेकर पति सोहनलाल पटेल से कहासुनी हुई थी, जिसके बाद उसने यह कदम उठाया। परिवार में दो बच्चे और सास-ससुर हैं। भंवरकुआ इलाके में रहने वाली छात्रा कशिश पंवार ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह अभिनव नगर में अपने भाई के साथ किराए से रहती थी और पढ़ाई कर रही थी। कशिश मूल रूप से धरमपुरी की रहने वाली थी। उसके पिता कल्याण सिंह पंवार पुलिस विभाग में पदस्थ हैं। जो मंडला मे पदस्थ है। कशिश यहां बीए फर्स्ट ईयर की पढाई कर रही थी।

## अंबेडकर का स्टेटस लगाने पर पत्नी को घर से निकाला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** भोलनाथ कॉलोनी में रहने वाली एक पीड़िता गुरुवार को एरोड्रम थाने पहुंची। उसके परिवार के लोगों ने बताया कि पीड़िता पर उसकी दोनों ननदों ने 14 अप्रैल को बाबा साहब अंबेडकर का स्टेटस हटाने का दबाव बनाया था। स्टेटस नहीं हटाने पर पति ने डेढ़ माह के बच्चे सहित उसे घर से निकाल दिया। एरोड्रम थाने पर रीना पंवार अपने डेढ़ माह के बच्चे के साथ गुरुवार शाम पहुंची। परिवार के अनुसार, रीना की शादी डेढ़ साल पहले रितेश से हुई थी। रीना बिहार की रहने वाली है। दोनों का परिचय परिवार के माध्यम से हुआ था, जिसके बाद अंतरराज्यीय विवाह हुआ। उस समय परिवार को बौद्ध धर्म को लेकर कोई आपत्ति नहीं थी। लेकिन 14 अप्रैल को रीना द्वारा बाबा साहब अंबेडकर का स्टेटस लगाने पर एक ननद ने आपत्ति जताई और उसे हटाने को कहा। इस बात पर विवाद बढ़ गया। आरोप है कि पति रितेश पंवार ने अपशब्द कहे और तलाक देने की धमकी दी। शिकायत लेकर रीना अपने बच्चे के साथ थाने पहुंची। बताया गया कि ड्यूटी पर मौजूद हेड कॉन्स्टेबल मनोज ने उन्हें कोर्ट में केस करने की सलाह दी। बाद में टीआई तरुण बघेल ने परिवार की बातें सुनकर कारवाई का आश्वासन दिया।

प्रेम संबंध के चलते पति की हत्या

# पुलिस ने पत्नी, सुपारी देने वाले युवक और दो साथियों को गिरफ्तार किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। राऊ इलाके में उज्जैन निवासी नवीन पाटीदार की हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। इस मामले में मृतक की पत्नी, सुपारी देने वाले युवक और उसके दो साथियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि मुख्य आरोपी अभी फरार है। नवीन की हत्या 12 अप्रैल को रात करीब 8 बजे हत्या हुई थी।**



डीसीपी कृष्ण लालचंदानी के अनुसार, केट रोड पर नवीन पाटीदार का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला था। स्थानीय लोगों ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया था, जहां से रविवार को उसे एमवाय अस्पताल रेफर किया गया। पोस्टमार्टम के दौरान उसके गले में एक गोली फंसी मिली, जिससे हत्या का मामला सामने आया। गोली सिर के पीछे से सटाकर मारी गई थी। पुलिस ने कट्टा जब्त किया है। जांच में पता चला है कि नवीन शराब पीने वहां गया था। जांच में पता चला कि वर्ष 2023 में नवीन पाटीदार ने उज्जैन में एक होमगार्ड जवान के बेटे की हत्या राहुल उईके के साथ मिलकर की थी। जमानत पर आने के बाद दोनों के बीच विवाद हो गया था।

एक बार नवीन ने मुखबिरी कर राहुल को पुलिस के हवाले भी कर दिया था। इसी बीच मृतक की पत्नी भारती और राहुल के बीच प्रेम संबंध बन गए। पुलिस के मुताबिक, करीब 15 दिन पहले राहुल उईके और भारती पाटीदार ने मिलकर नवीन की हत्या की साजिश रची। इसके लिए देवास निवासी मुकेश कुमावत से संपर्क किया गया, जिसने अपने दो साथी श्रीराम और अजय को शामिल किया। आरोपियों ने पहले रैकी की और फिर मौके पर गोली मारकर हत्या कर दी। गोली श्रीराम ने चलाई थी। जांच में पता चला है कि 70 हजार रुपए में गोली मारने की सुपारी दी गई थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल डाटा के आधार पर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मुख्य आरोपी राहुल उईके अभी फरार है। पुलिस के अनुसार, घटना के बाद आरोपी शहर से बाहर भाग गए थे, जिन्हें इंदौर के आसपास से हिरासत में लिया गया। फरारी के दौरान कुछ आरोपी घायल भी हुए हैं। नवीन के बारे में भी पता चला है कि वह प्लम्बिंग का काम करता और अपराधी है। फिलहाल पुलिस फरार आरोपी की तलाश में जुटी है और मामले की आगे की जांच जारी है।

# जमीन की एनओसी को लेकर चल रहा है बड़ा रैकेट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर विकास प्राधिकरण में जमीन की एनओसी को लेकर एक बड़ा रैकेट चल रहा है। इसमें प्राधिकरण के ही कर्मचारी के मिले होने की बात सामने आई है। कर्मचारी खुद अधिकारियों के साइन कर एनओसी जारी करते हैं। इसके बाद टीएनसीपी में नक्शा मंजूरी के लिए भेजा जा रहा था।**

यह खुलासा टीएनसीपी (टाउन एंड कंट्री प्लानिंग) अधिकारियों की जांच से हुआ है। इधर, आईडीए अधिकारियों का शक है कि विधि विभाग का बाबू शुभम श्रीवास्तव इस रैकेट से जुड़ा हो सकता है। इसकी वजह यह है कि जिस दिन से मामला सामने आया है, उस दिन से ही वह बिना सूचना के ऑफिस नहीं आया है। उसका फोन भी बंद है। घर से भी लापता है। मामला योजना 97 पार्ट 4 बिजलपुर की जमीन का है। करीब 20 हजार वर्गफुट से ज्यादा यह जमीन आईडीए की योजना में शामिल है। हाल ही में जमीन मालिक की ओर से टीएनसीपी के समक्ष ले-आउट स्वीकृति के लिए आवेदन किया था। दस्तावेज परीक्षण में पता चला कि आईडीए से जारी की गई एनओसी और प्रारूप में साइन का अंतर है। यह एनओसी प्लानिंग और भू-अर्जन दोनों विभागों से जारी हुई थी। टीएनसीपी अधिकारियों को शक हुआ तो उन्होंने आईडीए अधिकारियों को फोन किया। तब पता चला कि यहां से इस तरह की कोई एनओसी जारी नहीं की गई है।

टीएनसीपी अधिकारी शुभाशीष बनर्जी ने बताया कि हमारे पास उस जमीन का नक्शा मंजूरी के लिए फाइल आई थी। हमने एनओसी मांगी तो उन्होंने एनओसी में बताया कि यह जमीन आईडीए की स्कीम में नहीं है। हमें एनओसी पर कुछ साइन ऐसे लगे कि वह गलत हैं। हमने फोन कर पूछा कि जमीन की एनओसी हमारे पास आई है। इस पर आईडीए अधिकारी ने कहा कि हमारे यहां से जारी नहीं हुई है। यह पता चलने पर हमने उसे कैंसिल कर दिया। 4 से 5 दिन पहले फिर हमारे पास यह फाइल आई, तब हमें दोबारा शक हुआ। हमने आईडीए को एनओसी की फोटो कॉपी भेजकर पूछा कि इसकी पुष्टि करें कि यह आपके यहां से जारी हुई है या नहीं। इस पर आईडीए ने फिर से एनओसी जारी करने से मना कर दिया।

आईडीए सीईओ परीक्षित झाड़े का कहना है कि प्रारंभिक तौर पर मामले की जांच करवाई जा रही है।

प्रदेश में होगा 16 से 30 अप्रैल तक स्व-गणना का कार्य

# जनगणना देश के विकास की नींव : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि 16 अप्रैल से प्रदेश में जनगणना का शुभारंभ हो रहा है। यह सिर्फ आंकड़ों की प्रक्रिया नहीं बल्कि हमारे राष्ट्र के भविष्य को सही दिशा देने का महत्वपूर्ण कदम है। जनगणना देश की रीढ़ है, यह विकास की नींव है। इस बार की जनगणना डिजिटल और आधुनिक तकनीक के साथ हो रही है। प्रदेशवासियों को इसमें पूर्ण निष्ठा और सत्यता के साथ भाग लेना चाहिये। यह जनगणना हमारे बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए है।**



प्रदेश में 16 से 30 अप्रैल तक ऑनलाईन स्व-गणना का कार्य होगा। एक से 30 मई तक मकान सूचीकरण होगा। यह प्रक्रिया डिजिटल रूप से होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में जनगणना 2027 की प्रक्रिया के शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री निवास के समत्व भवन में आयोजित कार्यक्रम में यह विचार व्यक्त किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्व-गणना पोर्टल se.census.gov.in पर प्रारंभिक पंजीकरण कर प्रदेश में स्व-गणना प्रक्रिया का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों की प्रक्रिया नहीं बल्कि राष्ट्र के भविष्य को सही दिशा देने का महत्वपूर्ण कदम है। इससे हम जान सकेंगे कि विकास की धारा समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक सुगमता से पहुंच रही है या नहीं। यह जनगणना हमारी अगली पीढ़ी के उज्जवल भविष्य के लिए है। प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि जनगणना में वह सही, सटीक और पूर्ण जानकारी दे। जनगणना में लगे कर्मचारी-अधिकारी राष्ट्र निर्माण का पवित्र कार्य कर रहे हैं। उनका परिश्रम और सटीकता से किया गया कार्य देश के भविष्य को मजबूत बनाएगा। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्री अनुपम राजन, कलेक्टर भोपाल श्री प्रियंक मिश्रा, आयुक्त भोपाल नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन, जनगणना संचालनालय के डिप्टी रजिस्टार जनरल डॉ. विजय कुमार सहित जिला प्रशासन और जनगणना संचालनालय के अधिकारी उपस्थित थे।

## सीएम बोले-कांग्रेस का महिला विरोधी चेहरा बेनकाब होते दिख रहा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक ऐसा क्रांतिकारी निर्णय बताया, जिसने सदियों के इंतजार को समाप्त कर दिया है। मुख्यमंत्री ने कड़े और सीधे शब्दों में कहा यदि कांग्रेस विरोध करेगी तो जनता में गलत संदेश जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि "प्रधानमंत्री जी का यह निर्णय साधारण नहीं, बल्कि लोकतंत्र की जड़ों को सींचने वाला है। हम अब तक 1971 की जनगणना के आधार पर चल रहे परिसीमन को ढो रहे थे, लेकिन अब नया परिसीमन हमारे लोकतंत्र को नई ऊर्जा और अधिक मजबूती प्रदान करेगा। यह अधिनियम हमारी बहनों के लिए वह द्वार खोलेगा, जहां से आधी आबादी को शासन और नीति-निर्धारण में अपना पूरा बल और अधिकार मिलेगा।"

विपक्ष की दोहरी राजनीति पर गरजते हुए डॉ. यादव ने कहा, "कांग्रेस की नीति और नियत में हमेशा से फर्क रहा है। वे कहते तो हैं कि हम महिला आरक्षण चाहते हैं, लेकिन उनकी नीयत में खोट साफ दिखाई देती है। आज वे बेनकाब हो चुके हैं। जिस बिल को सर्वसम्मति से पारित कर एक उत्सव की तरह मनाया जाना चाहिए था, उस पर कांग्रेस मीन-मेख निकाल रही है। मैं उनसे कहना चाहता हूं कि अगर कोई बात है तो सदन के फ्लोर पर कहें, जनता के बीच जाकर इस क्रांतिकारी कदम का विरोध करना आपकी महिला विरोधी मानसिकता का प्रमाण है।"

# उज्जैन में अवैध शराब तस्करी, 50 लाख का सामान जब्त

### नानाखेड़ा पुलिस ने चार आरोपी पकड़े लग्जरी कारों से हो रही थी तस्करी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी।** उज्जैन में नानाखेड़ा पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 50 लाख रुपए मूल्य की अवैध सामग्री जब्त की है। पुलिस ने दो अलग-अलग अभियानों में 44 पेटी अवैध शराब, दो लग्जरी कारें और फर्जी नंबर प्लेट के साथ चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई से इंदौर से उज्जैन और गुजरात तक फैले एक शराब तस्करी नेटवर्क का खुलासा हुआ है।

पुलिस को यह सफलता अवैध शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत चेकिंग के दौरान मिली। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर नानाखेड़ा पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों पर घेराबंदी कर यह कार्रवाई की।

पहली कार्रवाई इंजीनियरिंग कॉलेज क्षेत्र में की गई। यहां पुलिस ने एक XUV700 कार को रोककर तलाशी ली, जिसमें से 23 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब (बैगपाइपर ब्रांड) और दो फर्जी नंबर प्लेट बरामद हुईं। दूसरी कार्रवाई इंदौर रोड पर शनि मंदिर ब्रिज के नीचे की गई। इस स्थान पर एक स्कॉर्पियो N वाहन से 21 पेटी अवैध शराब (बैगपाइपर ब्रांड) जब्त की गई।

पुलिस जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार किए गए आरोपी इंदौर से शराब लाकर उज्जैन और गुजरात में ऊंचे दामों पर बेचते थे। पुलिस से बचने के लिए वे फर्जी नंबर प्लेट का इस्तेमाल करते थे। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सचिन (पिता गोपाल राव, 25 वर्ष), यस चित्तौड़ा (पिता विनोद चित्तौड़ा, 21 वर्ष), साहिल और मनीष माली (पिता संतोष माली, 23 वर्ष) तथा चंद्रशेखर उर्फ मेडिकल (पिता नंद किशोर, 24 वर्ष) के रूप में हुई है। ये सभी आरोपी उज्जैन के निवासी हैं। कुल मिलाकर, पुलिस ने 44 पेटी अवैध शराब (लगभग 379.72 बल्क लीटर), दो लग्जरी वाहन और फर्जी नंबर प्लेट सहित लगभग 50.26 लाख रुपए की सामग्री जब्त की है।

# सभी अधिकारी नगरीय निकायों को स्वावलंबी और विकास केंद्र के रूप में करें स्थापित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने सुंदरलाल पटवा राष्ट्रीय नगर प्रबंधन संस्थान में दीप प्रज्वलित कर 'शहरी सुधार कार्यशाला'का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश के नगरीय निकायों के अधिकारियों को संबोधित करते हुए दूरदर्शी नेतृत्व और कर्मठता के साथ नगरों के कायाकल्प करने का आह्वान किया।**



मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि जीवन में सीखने की प्रक्रिया कभी समाप्त नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को प्रेरित करते हुए कहा कि, 'यदि सभी अधिकारी विद्यार्थी भाव को आत्मसात कर जीवन जिएंगे, तो व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन दोनों ही उत्कृष्ट होंगे। उन्होंने कहा कि प्रशासन केवल नियमों से नहीं, बल्कि उचित व्यवहार से चलता है। जनता की सेवा के लिए समर्पण और कठोर परिश्रम ही एक सफल अधिकारी की वास्तविक पहचान है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्पों को दोहराते हुए विजयवर्गीय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की मंशा के अनुरूप हमें सभी नगरीय निकायों को 'आत्मनिर्भर' बनाना है। उन्होंने निर्देश दिए कि हमारे शहरी केंद्रों को 'विकास केंद्र' के रूप में विकसित किया जाए। अधिकारियों को अब केवल सुदृढ़ सड़क और स्वच्छ जल तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उन्हें शहर में रोजगार के नवीन अवसर उत्पन्न करने की दिशा में भी सक्रिय भूमिका निभानी होगी। मंत्री विजयवर्गीय ने नगरों के आर्थिक सुदृढ़ीकरण पर चर्चा करते हुए भूमि मुद्रीकरण और भूमि के कुशल प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित करने को कहा।

उन्होंने कहा कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि नगरीय भूमि का उपयोग जनकल्याणकारी और विकास कार्यों के लिए प्रभावी ढंग से हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि आने वाला समय शहरीकरण का है। यदि आप पारदर्शी और जन-भागीदारी के साथ नवीन कार्य करेंगे और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं देंगे, तो जनता भी कर वृद्धि जैसे निर्णयों में सहर्ष आपका साथ देगी। उन्होंने अधिकारियों को जन-प्रतिनिधियों के साथ सामंजस्य बिठाकर चुनौतियों को स्वीकार करने की सीख दी। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने नवनियुक्त मुख्य नगर पालिका अधिकारियों से संवाद के दौरान कहा कि नगरीय निकायों में कार्य करते समय सेवा भाव अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि यह सीधे जनता से जुड़ा दायित्व है। अपर मुख्य सचिव श्री संजय दुबे ने कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस संस्थान में प्रथम बार इस प्रकार का प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों से सक्रियता, ऊर्जा और पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने की अपेक्षा की। श्री दुबे ने बताया कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य आगामी वर्ष के लिए एक सुव्यवस्थित कार्ययोजना तैयार करना और नियोजित विकास के साथ नागरिक जागरूकता विकसित करना है। उन्होंने अर्बल चेलेंज फंड और द्वारका योजना जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं के माध्यम से नगरीय निकायों के कायाकल्प की संभावनाओं पर भी बल दिया। नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त श्री संकेत भोंडवे ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि विभाग एक परिवार और सामूहिक भावना के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी 16 नगर निगमों के आयुक्त, मुख्य नगरपालिका अधिकारी और वरिष्ठ अधिकारी इस कार्यशाला में सम्मिलित हैं। कार्यशाला का मुख्य केंद्र नगरिक संतुष्टि और मूलभूत सिद्धांतों पर कार्य करना है। इस कार्यशाला के माध्यम से आगामी दो दिनों तक नगरीय निकायों की कार्यप्रणाली में सुधार , समीक्षा और संवाद का क्रम निरंतर जारी रहेगा, ताकि प्रदेश के शहरों को आधुनिक और जन-सुविधाओं से युक्त बनाया जा सके।

## युवा पहलवानों ने बढ़ाया प्रदेश का मान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** 12–13 अप्रैल को सागर (मध्यप्रदेश) में आयोजित अंडर-17 सब-जूनियर राज्य कुश्ती चैम्पियनशिप में मध्यप्रदेश के युवा पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पदक अपने नाम किए। फ्रीस्टाइल और ग्रीको रोमन वर्ग में बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर प्रदेश का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दमदार तकनीक, फिटनेस और अनुशासन का परिचय देते हुए स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक हासिल किए। मुकाबलों में गगन ग्वाला (-51 किग्रा), वेदान्य जोशी (-80 किग्रा), भूमि खत्री (-43 किग्रा), निशा माली (-61 किग्रा) और अनुष्का बोरासी (-65 किग्रा) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किए। इन खिलाड़ियों ने आत्मविश्वास और तकनीकी दक्षता के साथ हर चुनौती को पार किया। यशाश्वी भाटी (-53 किग्रा) ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार मुकाबले लड़े और रजत पदक हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

## थार-बलेनो की टक्कर मां और बेटे की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा, एजेंसी।** जिले के मूंदी थाना क्षेत्र में गुरुवार दोपहर थार और बलेनो कार की आमने-सामने टक्कर हो गई। भिड़ंत में मां-बेटे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवती सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, ग्राम जलवा निवासी सौरभ राठौर (28) अपनी मां सुमन बाई (58), बहन सारिका, रिश्तेदारों के साथ कार से मूंदी की ओर आ रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही थार वाहन ने उनकी कार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि सौरभ और उनकी मां सुमन बाई की मौके पर ही मौत हो गई।

## संपादकीय

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम: कानून लागू, लेकिन इंतजार बाकी

लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था करने वाला महिला आरक्षण अधिनियम 2023 बृहस्पतिवार से लागू हो गया। केंद्रीय विधि मंत्रालय द्वारा जारी एक अधिसूचना में यह जानकारी दी गई। हालांकि, यह तुरंत पता नहीं चल पाया है कि संसद में इस कानून में संशोधन करने और इसे 2029 में लागू करने पर जारी चर्चा के बीच 2023 के अधिनियम को 16 अप्रैल से प्रभावी क्यों अधिसूचित किया गया। कानून को लागू करने के संबंध में एक अधिकारी ने तकनीकी खामियों का हवाला दिया, लेकिन इसके बारे में विस्तार से नहीं बताया। अधिकारी ने कहा कि हालांकि अधिनियम लागू हो चुका है, लेकिन मौजूदा सदन में आरक्षण को क्रियान्वित नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि इसे अगली जनगणना के आधार पर परिसीमन प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही क्रियान्वित किया जा सकता है। अधिसूचना के अनुसार, संविधान (106वां संशोधन) अधिनियम, 2023 की धारा 1 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केंद्र सरकार एतद्द्वारा 16 अप्रैल, 2026 को वह तिथि घोषित करती है जिस दिन से उक्त अधिनियम के प्रावधान लागू होंगे। सितंबर 2023 में, संसद ने 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पारित किया था, जिसे आमतौर पर महिला आरक्षण अधिनियम के रूप में जाना जाता है, जो विधायी निकायों में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अधिनियम में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीट आरक्षित करने का प्रावधान किया गया है। 2023 के कानून के तहत, आरक्षण 2034 से पहले लागू नहीं हो पाता, क्योंकि यह 2027 की जनगणना के बाद परिसीमन प्रक्रिया के पूरा होने से जुड़ा हुआ है। लोकसभा में वर्तमान में जिन तीन विधेयकों पर चर्चा हो रही है, उन्हें सरकार द्वारा इसलिए लाया गया ताकि 2029 में महिला आरक्षण लागू किया जा सके।

## महिला जगत

**यूपी की गीता देवी की सफलता की कहानी**

# सरकारी योजना से आत्मनिर्भर बनीं, आर्थिक तंगी दूर कर पेश किया उदाहरण



उत्तर प्रदेश के बागपत से आने वाली गीता देवी का नाम पूरे क्षेत्र से लेकर प्रदेश में चर्चा में है। वजह है गीता देवी का सरकार की अहम योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) से जुड़कर अपने जीवन की दिशा बदलना और आत्मनिर्भर होकर अपनी आर्थिक स्थिति संभालना। इसका असर यह हुआ है कि आज गीता देवी पूरे गांव में एक आत्मनिर्भर व आर्थिक रूप से सशक्त महिला के रूप में पहचानी जाती हैं। बागपत जनपद के छपरौली ब्लॉक के लुहारा गांव की रहने वाली गीता देवी एक समय सीमित आय और आर्थिक तंगी जैसी कठिन परिस्थितियों से जूझ रही थीं। लेकिन आज न केवल अपने परिवार को सशक्त बना चुकी हैं, बल्कि गांव की अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन गई हैं।

### ●स्वयं सहायता समूह से मिली नई दिशा

वर्ष 2018 में कृष्णा स्वयं सहायता समूह से जुड़ने के बाद गीता देवी के जीवन में निर्णायक बदलाव आया। समूह की अध्यक्ष बनने के साथ ही उन्हें नेतृत्व का अवसर मिला और आर्थिक सशक्तिकरण की राह खुली। वर्तमान में वह 11 समूहों की महिलाओं का नेतृत्व कर रही हैं। यूपी की योगी सरकार सें उनके समूह को रिवॉल्विंग फंड और सामुदायिक निवेश निधि के रूप में सहायता प्राप्त हुई। इस सहयोग के माध्यम से उन्होंने 25,000 का ऋण लेकर 'विद्युत सखी' के रूप में प्रशिक्षण हासिल किया और घर-घर बिजली बिल संग्रह का कार्य शुरू किया। इतना ही नहीं, बीसी सखी के रूप में चयनित होकर उन्होंने अपनी आय के अतिरिक्त स्रोत भी विकसित किए। उनकी मेहनत और प्रतिबद्धता ने उन्हें गांव में एक आर्थिक रूप से सशक्त महिला के रूप में स्थापित कर दिया है।

### ●योजनाओं से सशक्त होती महिला शक्ति

आज गीता देवी विद्युत सखी के रूप में कार्य करते हुए प्रति माह 40,000 से 45,000 तक की आय अर्जित कर रही हैं, जो पहले लगभग 15,000 थी। उन्होंने लगभग 2 करोड़ के बिजली बिल का संग्रह कर 2 लाख का कमीशन प्राप्त किया है और जिले की शीर्ष विद्युत सखियों में अपना स्थान बनाया है। वहीं, वर्ष 2023 में लखपति दीदी योजना के अंतर्गत दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में उनकी भागीदारी उनकी उपलब्धियों का महत्वपूर्ण प्रमाण है।

### ●3500 महिलाएं संगठित रूप से कर रहीं कार्य

छपरौली ब्लॉक के लुहारा गांव में गीता देवी के उदाहरण से प्रभावित होकर अब 3500 महिलाएं एक साथ संगठित होकर कार्य कर रही हैं। गीता देवी स्वयं भी अन्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित कर रही हैं। उनकी यह यात्रा दर्शाती है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में संचालित योजनाएं न केवल रोजगार के अवसर प्रदान कर रही हैं, बल्कि महिलाओं को सम्मान, आत्मविश्वास और सशक्त भविष्य की दिशा भी दे रही हैं।

New Delhi

# भारत अब कहां से लाएगा तेल? US ने रूस और ईरान को दी गई छूट खत्म की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मिडिल ईस्ट में जंग के दौरान जब तेल कीमतें तेजी से ऊपर जा रही थीं, तो अमेरिका ने रूसी तेल और ईरानी तेल पर से प्रतिबंध कुछ दिनों के लिए हटा दिया था, जिसके बाद भारत और अन्य देशों ने खरीदारी शुरू कर दी थी. हालांकि अब अमेरिका इन छूटों को समाप्त कर रहा है, जिसके बाद भारत को एक नई आपूर्ति चुनौती का सामना करना पड़ सकता है.

अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने 15 अप्रैल को कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका रूसी और ईरानी तेल आयात पर लागू प्रतिबंधों में छूट को आगे नहीं बढ़ाएगा. व्हाइट हाउस में एक प्रेस ब्रीफिंग के दौरान बेसेंट ने कहा



कि हम रूसी और ईरानी तेल पर लागू सामान्य लाइसेंस को रिन्यू नहीं करेंगे. उन्होंने आगे कहा कि यह छूट केवल उन कार्गो पर लागू होती थी, जो 11 मार्च से पहले समुद्र में थे. 12 मार्च से पहले लोड किए गए रूसी कार्गो के लिए 30 दिन का सामान्य लाइसेंस अब समाप्त हो गया है, जबकि ईरानी तेल के लिए अलग से दी गई छूट 19 अप्रैल को समाप्त हो जाएगी. इस कदम से वह सीमित कानूनी अवसर समाप्त हो गया है जिसने भारतीय तेल कंपनियों (OMCs) को पिछले महीने रूसी कच्चे तेल की खरीद में तेजी से बढ़ोतरी की थी. भारत का रूसी कच्चे तेल का आयात मार्च 2026 में नौ महीनों के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया, जो लगभग 1.96 मिलियन बैरल प्रति दिन (एमबीपीडी) था।

Uttarpradesh

## 'बेटी भूखी क्यों गई?' इस बात पर हैवान बना पिता, नहा रही पत्नी को कुल्हाड़ी से काटा, ऐसा था मंजर



**कानपुर, (एजेंसी)** बांदा जिले में बबेरू कोतवाली क्षेत्र के बगेहटा गांव में खाना न बनने और बिना खाना खाए बेटी कोचिंग जाने को लेकर दंपती के बीच विवाद हुआ। बात बढ़ने पर पति ने नहाते समय पत्नी पर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार कर मौत के घाट उतार दिया।

वहीं, बेटी जब कोचिंग से घर वापस लौटी तो, मां का लहूलुहान शव पड़ा देखकर चीख पड़ी। तब गांव वालों को घटना की जानकारी हुई। वहीं, आरोपी वारदात के बाद से ही फरार है। बगेहटा निवासी 48 वर्षीय सरीफन के घर में आए दिन विवाद होता था।

सोमवार सुबह खाना न बनने और बेटी के बिना खाना खाए कोचिंग जाने से नाराज पति मोबीन शेख का पत्नी सरीफन से विवाद हो गया। इसके बाद कहासुनी इतनी बढ़ गई कि मोबीन ने अपना आपा खो दिया और घर में रखी कुल्हाड़ी उठा लाया। इसके बाद नहा रही पत्नी पर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ तीन वार कर दिए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद कोचिंग से घर लौटी छोटी बेटी ने मां को लहूलुहान हालत में देखा तो चीख-पुकार मच गई। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। इसी बीच आरोपी पति मौके से फरार हो चुका था। ग्रामीणों की सूचना पर कोतवाली प्रभारी राजेंद्र सिंह राजावत पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

Andhra Pradesh

## अवैध संबंध के शक में पत्नी पर करता रहा वार, फिर कटा अंग लेकर सरेंडर करने पहुंचा

**आंध्रप्रदेश, (एजेंसी)** आंध्र प्रदेश से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक शख्स ने अपनी पत्नी के खिलाफ बर्बरता की सारी हदें पार कर दीं। खबर है कि गुस्से में आकर शख्स ने कुल्हाड़ी के वार से पत्नी का पैर ही शरीर से अलग कर दिया। इतना ही नहीं इसके बाद सरेंडर करने थाने भी पहुंच गया। फिलहाल, महिला का इलाज जारी है। कहा जा रहा है कि उसकी स्थिति में सुधार हो रहा है। घटना मुप्पल्ला मंडल के थोंडपी गांव की है। इसके बाद से ही इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, नशेड़ी पति ने अवैध संबंधों के शक में पत्नी का पैर कुल्हाड़ी से काट दिया। इसके बाद कटा हुआ पैर लेकर थाने भी पहुंच गया। घटना गुरुवार की है। आरोपी की पहचान दिहाड़ी मजदूर वेल्लेपु लक्ष्मैया के रूप में हुई है। वहीं, पीड़िता 33 वर्षीय वी भूलक्ष्मी उसकी पत्नी है। रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस ने बताया है कि वड्डेरा कॉलोनी में रहने वाले वेल्लेपु को पत्नी के अवैध संबंध होने का शक था। इसे लेकर दोनों के बीच कई बार झगड़ा होता रहता था, लेकिन गुरुवार को बहस हिंसक हो गई और वेल्लेपु ने पत्नी पर जानलेवा हमला कर दिया। गुस्से में आकर उसने पत्नी पर बार-बार कुल्हाड़ी से वार किए, जिसमें उसका पैर कट गया।

Punjab

## पंजाब के मंत्री संजीव अरोड़ा के घर ED की रेड, 'आप' बोली- यही है भाजपा की चुनावी तैयारी

**चंडीगढ़, (एजेंसी)** पंजाब सरकार के मंत्री संजीव अरोड़ा पर ईडी ने छापेमारी की है। इसी सप्ताह राज्यसभा में आम आदमी पार्टी के उपनेता अशोक मित्तल के ठिकानों पर भी रेड मारी गई थीं। संजीव अरोड़ा के घर छापेमारी की जानकारी सौरभ भारद्वाज ने भी दी है। इसके साथ ही उन्होंने इसमें भाजपा का हाथ भी बता दिया और कहा कि इनकी चुनाव की तैयारी ऐसे ही होती है, जो शुरू हो चुकी है। AAP के राज्यसभा सांसद और लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) के चांसलर अशोक मित्तल के 10 ठिकानों पर ईडी की रेड के दो दिन बाद ही यह ऐक्शन हुआ है।

आज सुबह लुधियाना में संजीव अरोड़ा के घर पर ईडी की टीम पहुंची और छापेमारी की। इस दौरान बाहर केंद्रीय पुलिस बल को तैनात किया गया था। आवास के अलावा उनके अन्य ठिकानों



पर भी दबिश दी गई। ईडी की टीम ने घर को पूरी तरह से सील किया हुआ है। किसी को न अंदर आने की इजाजत दी जा रही है और न ही किसी को बाहर जाने दिया जा रहा है। यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े एक पुराने मामले और जमीन सौदों में कथित अनियमितताओं को लेकर हुई है।

खेल

# वानखेड़े में पंजाब ने छठी बार मुंबई को हराया, श्रेयस और प्रभसिमरन के बीच चौथी सबसे बड़ी साझेदारी

**मुंबई, (एजेंसी) अर्शदीप सिंह (तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद प्रभसिमरन सिंह और श्रेयस अय्यर की तूफानी बल्लेबाजी के दम पर पंजाब किंग्स ने मुंबई इंडियंस को सात विकेट से हरा दिया। गुरुवार को वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए आईपीएल मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई ने क्विंटन डिकॉक की शतकीय और नमन धीर की अर्धशतकीय पारियों की मदद से 20 ओवर में छह विकेट पर 195 रन बनाए। जवाब में पंजाब ने 16.3 ओवर में तीन विकेट पर 198 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया।**

पंजाब ने वानखेड़े में छठी बार मुंबई को मात दी। वहीं, आईपीएल में यह पंजाब की इस टीम के खिलाफ 18वीं जीत है। आईपीएल के मौजूदा सीजन में यह पंजाब की पांच मैचों में चौथी



जीत है। इससे पहले उनका एक मुकाबला कोलकाता के खिलाफ बारिश में धुल गया था। वहीं, मुंबई को लगातार चौथे मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा है। इस जीत के साथ पंजाब की टीम अंक तालिका में नौ अंक लेकर शीर्ष पर पहुंच गई है जबकि आरसीबी दूसरे स्थान पर खिसक गई।

196 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब को पहला झटका अल्लाह गजनफर ने दिया। उन्होंने 27 के स्कोर पर प्रियांश आर्या को दीपक चाहर के हाथों कैच कराया। वह नौ गेंदों में 15 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद गजनफर ने कूपर कोनोली का भी शिकार किया। वह 17 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद मोर्चा श्रेयस अय्यर और सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह ने संभाला। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 139 रनों की रिकॉर्ड साझेदारी हुई और मुकाबला मुंबई की गिरफ्त से दूर चला गया।

श्रेयस और प्रभसिमरन के बीच हुई यह साझेदारी आईपीएल में पंजाब किंग्स के लिए किसी भी विकेट के लिए चौथी सबसे बड़ी साझेदारी है। इस दौरान कप्तान अय्यर ने 35 गेंदों में 66 रन बनाए जबकि प्रभसिमरन 39 गेंदों में 80 रन बनाकर नाबाद रहे। उनके अलावा मार्कस स्टोइनिस 10 रन बनाकर नाबाद रहे। वहीं, मुंबई के लिए गजनफर ने दो और शार्दुल ठाकुर ने एक विकेट लिया।

इससे पहले, मुंबई इंडियंस की शुरुआत अच्छी नहीं रही। रेयान रिकेल्टन को सिर्फ दो रनों के स्कोर पर अर्शदीप सिंह ने आउट किया। अगली ही गेंद पर अर्शदीप ने सूर्यकुमार यादव को बिना खाता खोले पवेलियन भेजा। हालांकि, इसके बाद क्विंटन डिकॉक और नमन धीर ने मोर्चा संभाला और तीसरे विकेट के लिए 68 गेंदों में 122 रनों की साझेदारी निभाई।

सिनेमा

## आदित्य पंचोली और सलीम खान को ठगने वाला 'नटवरलाल' गिरफ्तार, मजदूर बनकर बेचता था फेक गोल्ड कॉइन




पुलिस ने अंतरराज्यीय गोल्ड कॉइन की धोखाधड़ी मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तारी के दौरान 2 करोड़ रुपये से अधिक नकद और 678 ग्राम सोना बरामद किया गया. आरोपियों में सोलंकी प्रभुभाई गुलशनभाई उर्फ कल्पेश शामिल है, जो वडोदरा, गुजरात का निवासी और गिरोह का कथित लीडर बताया जा रहा है. डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस (क्राइम) हितेश यादव ने इस मामले में जानकारी देते हुए बताया कि 'लगभग 15 साल पहले, प्रभुभाई ने बॉलीवुड अभिनेता आदित्य पंचोली से 25 लाख रुपये और सलमान खान के पिता सलीम खान से 20 लाख रुपये की धोखाधड़ी की थी. धोखाधड़ी से मिले पैसों से प्रभुभाई ने 4 बार शादी की और 'लव यू' नाम की एक गुजराती फिल्म भी बनाई.' इस मामले में अन्य 3 आरोपियों की पहचान पंकज शर्मा (निहाल विहार, दिल्ली), मनीष कमलेश शाह (करेली बाग, वडोदरा) और ईश्वर मारवाड़ी (रामदेव नगर, वडोदरा) के रूप में हुई है. पुलिस के अनुसार, प्रभुभाई और पंकज शर्मा को गुरुग्राम से पकड़ा गया, जबकि मनीष शाह और ईश्वर मारवाड़ी को गुजरात में गिरफ्तार किया गया.


## Highlights

1. **Billionaire Anil Agarwal booked after death of 20 people in Vedanta power plant blast**
2. **Vedanta officials booked for blast that killed 20 in Chhattisgarh**
3. **Massive fire breaks out at beachside resort in Goa**
4. **HR Nida Khan, main suspect in sexual abuse & conversion case in TCS, is still absconding**
5. **It is their right: PM Modi on women's quota Bill**
6. **Odisha forest dept bought, modified Thar cars with disaster response funds: CAG**

# More AI, less UI: Canva's Cliff Obrecht underlines a result oriented pivot

**NEW DEIHI, (Agency).** Amidst a flurry of announcements, anyone looking closely at the finer details will notice big tech often leaves some things for discovery. Perhaps an intention, a direction, or how the company places itself in the broader ecosystem. In a briefing on the sidelines of this year's Canva Create keynote, Cliff Obrecht, who is co-founder and Chief Operations Officer, described artificial intelligence (AI) as something that isn't a defensive hedge but something that's akin to an all-in pivot.

"We have a saying now that Canva is more AI, less UI," he says. Historically, Canva has always held an advantage with casual as well as professional users, because the user interface (UI) was most intuitive. It wasn't an easy balance to achieve, without compromising functionality. A casual user in particular, over the years, would have found Canva easier to navigate than any of Adobe's apps, for instance. Obrecht believes the focus should be on the goal, rather than the design.



There is a definitive attempt to make this seemingly existential manoeuvre, to replace manual drag and drop in a design or a content creation, with agentic intent, context and layered editing options. There has been a significant element of rebuilding at a foundational level for the platform, and there is a belief three pillars are key for this re-architecture—foundational model development, agentic AI for workflows and easy access including voice to get work done. It's not an overnight shift, but one that's happened in due course, with Canva trying to stay ahead of the curve.

The analogy that Obrecht uses is one that marked a worldwide shift from desktops to mobile apps, a few years ago. He points pout that if Canva hasn't built a world-class mobile app in its early days, a mobile-native competitor would have taken that share of user attention. "Every time there's a huge shift in technology, like with the mobile phone, if we didn't create a mobile app there would be a competitor on mobile. Just like with AI, we needed to adopt this technology because it can really help achieve a user's goals," he says.

# A lot of time spent building strong AI foundations: Canva's Cameron Adams

**NEW DEIHI, (Agency).** It'll be an easy mistake to see everything in Canva's latest artificial intelligence (AI) push, just through the lens of new features. However, what underlines the Canva AI 2.0 refresh announced at the annual Create keynote is more than jus that, with conversational AI, connectors with popular web apps, memory, web research, enhanced coding product and agentic capabilities, all part of the progression. However, a more interesting story is unfolding away from the spotlight. Cameron Adams, who is Canva's co-founder and Chief Product Officer, gave us the clearest view of the company's approach to developing AI models. There are reasons why Canva invested in their own AI models. "We build our own models when we see that there is real competitive advantage for us to be able to do so, and also when we see customers' needs not really being met by what's out there," he explains there are times when they realise certain use-cases and tasks can only be fully completed if they develop their own models. He points to the background removal feature that's part of the editing array on Canva, as an example. "We know there's a key job to be done when you're creating visual content, and that's an area where we've invested a lot of time in building a model." Adams points out that there are many different models that have been produced by the teams at Canva. The company's foundational model capability focus really sharpened after the acquisition of Leonardo.ai a couple of years ago.

# हाईकोर्ट ने पार्षद रुबीना खान और फौजिया शेख को जारी किया कारण बताओ नोटिस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मप्र हाई कोर्ट की इंदौर बेंच के समक्ष राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' के गायन के दौरान सरकारी और सार्वजनिक मंचों पर गरिमापूर्ण आचरण सुनिश्चित करने के लिए स्पष्ट कानूनी ढांचा बनाने की मांग को लेकर एक महत्वपूर्ण जनहित याचिका दायर की गई है।**



जस्टिस विजय कुमार शुक्ला और जस्टिस आलोक अवस्थी की बेंच ने प्रारंभिक सुनवाई के दौरान कड़ा रुख अपनाते हुए मामले से जुड़े पार्षद रुबीना इकबाल खान और फौजिया शेख अलीम को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। यह कार्रवाई इंदौर नगर निगम की एक हालिया घटना के बाद शुरू हुई, जिसमें राष्ट्रीय गीत के दौरान हुए विवाद ने प्रदेशभर का ध्यान आकर्षित किया था।

याचिकाकर्ता और एडवोकेट योगेश हेमनानी ने स्वयं न्यायालय के समक्ष पक्ष रखते हुए दलील दी कि वर्तमान में शासकीय संस्थानों में 'वंदे मातरम्' के उच्चारण के समय आचरण और अनुशासन को लेकर कोई प्रभावी नियामक ढांचा मौजूद नहीं है। उन्होंने कोर्ट से प्रार्थना की कि राष्ट्रीय गीत की गरिमा बनाए रखने के लिए स्थापित संवैधानिक सिद्धांतों के अनुरूप स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। याचिका में संविधान के अनुच्छेद 51A (a) का हवाला देते हुए कहा गया है कि प्रत्येक नागरिक का यह मौलिक कर्तव्य है कि वह राष्ट्र के आदर्शों और प्रतीकों का सम्मान करे। ऐसे में सार्वजनिक पदों पर आसीन व्यक्तियों का आचरण मर्यादित और आदर्श होना चाहिए। मामले की गंभीरता को देखते हुए बेंच ने प्रमुख सचिव, गृह सचिव सहित अन्य संबंधित शासकीय विभागों को भी सूचना पत्र जारी कर जवाब मांगा है। यह प्रकरण वर्तमान में कोर्ट के विचाराधीन है। याचिका के माध्यम से यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है कि भविष्य में किसी भी सार्वजनिक अथवा सरकारी कार्यक्रम में राष्ट्रीय गीत के गायन के समय अनुशासन और सम्मान की भावना अक्षुण्ण बनी रहे।

# तेज रफ्तार कार ने बाइक-जीप को टक्कर मारी

## एसआई-सिपाही सहित तीन घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। किशनगंज थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार कार ने पहले बाइक सवारों को टक्कर मारी और फिर पुलिस की गश्ती गाड़ी को भी अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में सब-इंस्पेक्टर सहित तीन लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 15 अप्रैल को एबी रोड स्थित टीही पुलिया के आगे अज्ञात कार चालक तेज गति से गलत साइड में ओवरटेक कर रहा था। इसी दौरान उसने आगे चल रही बाइक नंबर MP09-DM-0774 को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार गिरकर घायल हो गए। बाइक को टक्कर मारने के बाद भी कार चालक नहीं रुका और आगे जाकर पुलिस की गश्ती वाहन नंबर MP03-A-7082 को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि पुलिस वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में पुलिस वाहन के सामने का कांच, दोनों गेट, बोनट, हेडलाइट, इंडिकेटर सहित इंजन को भारी नुकसान पहुंचा है। वाहन से ऑयल भी फैल गया। गश्त पर मौजूद सब-इंस्पेक्टर मुनेश यादव को कंधे, हाथ, पीठ और गर्दन में चोटें आईं। वहीं फरियादी कुंदन चौहान भी घायल हुआ है। हादसे के बाद आरोपी कार चालक मौके से फरार हो गया। किशनगंज पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ धारा 281 और 125(ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालकर आरोपी की तलाश में जुटी है।

# वर्क फ्रॉम होम जॉब के नाम पर ठगी

**इंदौर।** वर्क फ्रॉम होम जॉब का झांसा देकर ठगी का मामला सामने आया है। आरोपियों ने डेटा हैंडलिंग का काम दिलाने का लालच देकर एक युवक से 1.40 लाख रुपए ठग लिए। मामले में साइबर सेल में शिकायत के बाद भंवरकुआं पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। पुलिस के अनुसार, भंवरकुआं थाना क्षेत्र निवासी 23 वर्षीय अर्सीन शेख के मोबाइल पर शैलेन्द्र नाम के व्यक्ति का मैसेज आया। उसने घर बैठे डेटा हैंडलिंग का काम देने और हर महीने 30 से 40 हजार रुपए कमाने का लालच दिया। युवक ने भरोसा कर अपना बायोडाटा भेज दिया। कुछ दिन बाद आरोपी ने मैसेज कर बताया कि उसका चयन हो गया है, लेकिन प्रोसेसिंग फीस के रूप में 2.50 लाख रुपए जमा करने होंगे। युवक द्वारा असमर्थता जताने पर आरोपी ने 1.40 लाख रुपए देने को कहा और शेष राशि खुद देने की बात कही। इसके बाद जनवरी 2025 में युवक ने फोनपे के जरिए 1.40 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए। रकम लेने के बाद आरोपी नौकरी देने के नाम पर टालमटोल करता रहा। उसने काम न आने का बहाना बनाया और बाद में पैसे वापस मांगने पर भी टालता रहा। कुछ समय बाद आरोपी ने अपना मोबाइल बंद कर लिया।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक